तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 फरवरी 2025

12 धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी, विद्यालयों में मां सरस्वती ...

11 अर्जुंदा नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास ने छोड़ा ...




## खबर संक्षेप

### खप्परवाड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**अंडा।** नवयुवक कबड्डी ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासी खप्परवाड़ा द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 5 फरवरी को रखी गई है। महेश्वरी भागवत चन्द्राकर ने बताया कि कबड्डी मेट पर खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भागवत चन्द्राकर का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 फरवरी को सुबह 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी।

### ओझागहन सनौद में श्री शिव महापुराण कथा व रूद्रमहाभिषेक 19 से

**गुरूर।** पुजारी बाबा बिसम्भर दास महंत एवं लिंगेश्वर महादेव समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर संगीतमय भव्य श्री शिवमहापुराण कथा एवं रूद्रमहाभिषेक का आयोजन लिंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण ओझागहन सनौद में 19 से 25 फरवरी तक किया गया है। इस दौरान रूद्राभिषेक पूजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक व कथा प्रसंग सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे तक व दोपहर 3 से 5 बजे तक कथा आरती होगी। कथावाचक पंडित अजय चतुर्वेदी होंगे। 19 फरवरी को देवी स्थापना, कलश यात्रा, महात्म कथा, 20 को शुक्र शौनक संवाद, शिवपुराण परिचय कथा, 21 को नारद मोह प्रसंग, ब्रम्ह प्रसंग, सृष्टि वर्णन प्रसंग होगा। 22 फरवरी को अर्धनारीश्वर प्रागट्य, शिव सती चरित्र कथा, 23 को शिव उपासना, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह कथा, 24 फरवरी को भस्मासुर कथा, गणेश जन्म, चढ़ौत्तरी के बाद 25 फरवरी को हिरणकश्यप कथा, पार्थिव शिवलिंग पूजन, शिव महात्म्य कथा, पूर्णाहुति रूद्राक्ष वितरण होगा।

### भीमाटोला में कबीर सत्संग 10 व 11 को

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के वनांचल ग्राम भीमाटोला में दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 10 व 11 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सद्गुरु कबीर आश्रम भीमाटोला के नेतृत्व में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन नादवंशाचार्य पंथ श्री हूजूर मंगल साहेब जी नादिया के पावन सानिध्य में हो रहा है। कार्यक्रम में धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब जी एवं मंडली के साथ तथा कबीर ब्रम्हचारिणी आश्रम पोटिया डीह धमतरी से साध्वी अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर रही हैं। यह जानकारी संचालन समिति के सचिव मनोहर साहू ने दी। संरक्षक हेमकुमार रावटे, अध्यक्ष लखन दास साहू, कोषाध्यक्ष ललित भुआर्य एवं समिति के सदस्य गण मिंदराम बेलसरिया,जगदीश राम भारतद्वाज, सुखेन्द्र भैंसारे, राजकुमार यादव,परसराम खरे, राजकुमार नायक, मनोहर खरे, जीवनलाल चुरेंद्र,रामालाल यादव, आश्रम के संत नंदलाल साहेब जी, धरमदास मसिया एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है।

# दो-तीन दिनों में अनिवार्य रूप से करें मतदाता पर्ची का वितरण : डॉ भूरे

## छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने जिला निर्वाचन अधिकारी को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत मतदान के पूर्व के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान डॉ. भूरे ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम मतदाताओं की माँग को देखते हुए इस समय स्थानीय निर्वाचन के दौरान मतदाता पर्ची का वितरण किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इसके पूर्व स्थानीय निर्वाचनों में मतदाता पर्ची का वितरण नहीं किया जाता था। उन्होंने अधिकारियों को दो–तीन दिनों की भीतर अनिवार्य रूप से मतदाता पर्ची वितरण कराने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने आम मतदाताओं को ईवीएम के संबंध में जानकारी प्रदान करने ईवीएम का प्रदर्शन नियमित रूप से कराने को कहा। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता से करने को कहा।




### ईवीएम का प्रदर्शन

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के नगरीय निकायों में ईवीएम के प्रदर्शन के लिए कक्ष स्थापित किया गया है। इसके अलावा ईवीएम के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी देने हेतु रविवार 2 फरवरी को मीडिया कार्यशाला आयोजन करने की भी जानकारी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में बीयू एवं सीयू उपलब्ध होने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले दौर का रेण्डमाईजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा उन्होंने एक–दो दिनों में दूसरा रेण्डमाईजेशन का कार्य पूरा होने की भी जानकारी दी।

## ग्राम पंचायत कुसुमकसा भवन में नामांकन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी

# पंच-सरपंच के लिए नामांकन भरने के लिए अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा भवन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नाम निर्देशन केंद्र नामांकन के अंतिम दिवस पंच, सरपंच के पदों के निर्वाचन के लिए ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आया। निर्धारित समयावधि के एक घंटे बाद तक नामांकन भरने की प्रक्रिया चलती रही।

ग्राम की सरकार बनाने के लिए ग्राम पंचायत कुसुमकसा, भर्रीटोला 43, रजही, चिपरा, धुर्वाटोला, गिधाली, अड़जाल के सरपंच, पंच पदों के प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र जमा किया गया। नामांकन पत्र जमा करने के लिए ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। महिलाएं भी अपने आरक्षित सीटों से नामांकन भरने के लिए पहुंचीं। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में अजजा महिला वर्ग के लिए आरक्षित सरपंच पद के लिए अमाय नागवंशी/हुमनलाल, वेदबाई पिस्दा/जयंत कुमार पिस्दा, मुक्ता भुआर्य/रूपलाल भुआर्य ने नामांकन भरा। वहीं वार्ड पंच के 20 पद हेतु 60 नामांकन पत्र ,ग्राम पंचायत धुरवाटोला में अ ज जा महिला वर्ग के लिए आरछित सरपंच पद हेतु सीताबाई दर्रो/जेठूराम ,अंजू कोसमा/ श्रवण कुमार , व वार्ड पंच के 15 पद हेतु 20 नामांकन पत्र ,ग्राम पंचायत गिधाली में अ ज जा मुक्त सरपंच पद हेतु कंवल सिंह कूलार्य/जेठूराम , लखनलाल भुआर्य /नवली राम , झनक लाल भुआर्य /देवालसिंह , अजय कुमार /बरातू राम ,ललित कुमार भुआर्य/ स्व रामाराम भुआर्य, व वार्ड पंच के 17 पद हेतु 14 नामांकन पत्र, ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 में अ ज जा महिला वर्ग सरपंच पद हेतु सुनीता कुलार्य/इंदल कुमार कुलार्य, राजकुमारी देहारी/ गुहरीराम, मंगली बाई/चंद्रकुमार ,,धनमत गावड़े/बसंत गावड़े, रैनी गुनेंद्र/ भूषणलाल , वार्ड पंच के 11पद हेतु 18 नामांकन पत्र ,ग्राम पंचायत रजही अ ज जा मुक्त सरपंच पद हेतु बलिराम कोसमा/बृजलाल कोसमा, प्रतापसिंह भुरखुरिया/खेदूराम, राम्हू राम/इतवारी, गणपत गावड़े /नागसाय ,गौतम राणा/बालसिंह,नोहरूराम चुरेंद्र/बिरसिंग, कलीराम/ देवलसिंह ,वार्ड पंच के 13पद हेतु 16 नामांकन पत्र ,ग्राम पंचायत अडजाल अ ज जा महिला वर्ग सरपंच पद हेतु बैसाखीन बाई देवहारी/देवेंद्र कुमार ,गीता भंडारी/ संतोष कुमार भंडारी, धीरजा बाई/ कार्तिक ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जनपद सदस्य पद के लिए डॉ गंजीर ने भरा नामांकन



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र क्रमांक 5 भोथली के भाजपा प्रत्याशी डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने भोथली, डांडेसरा, जेवरतला, मुड़पार और मोहारा के समर्थकों के साथ जनपद पंचायत गुरुर पहुंचकर जनपद सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर ढंगूराम हिरवानी, डॉ डामन लाल साहू, शक्ति केंद्र मोहारा के संयोजक बोधराय हिरवानी, सह संयोजक नीलकंठ साहू, शक्ति केंद्र भोथली के संयोजक जसवंत साहू, सह संयोजक डॉ धीरपाल अठभैया, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, धनेश ▶▶| शेष पेज 11 पर

# प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद की छात्राओं ने की वार्डन की शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पालकों के साथ पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई की मांग

प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद की छात्राओं ने अपने पालकों के साथ मिलकर प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद में पदस्थ हास्टल वार्डन की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि बालोद जिला मुख्यालय प्री मैटिक हॉस्टल में पदस्थ वार्डन का पति पंकज वैष्णव का गर्ल्स हॉस्टल में बार-बार आता-जाता है। साथ ही बच्चों के साथ गलत तरीके से व्यवहार करता है, जिससे बच्चे बहुत परेशान हैं। छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल का पानी बहुत दूषित है। बच्चों के लिए



फिल्टर है, लेकिन वह खराब है। उन्होंने बताया कि विगत दो माह पूर्व दूषित पानी के कारण पीलिया होने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में खाना बनाने वाली गुटखा खाते खाते खाना बनाती है। कई बार खाने में थूक व सुपाड़ी गिर जाता है। इसके साथ ही बच्चों से भी हॉस्टल की साफ सफाई करवाने का आरोप लगाया गया है। छात्राओं एवं उनके पालकों ने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# मामूली विवाद में चला चाकू ग्राम घुमका की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम घुमका में मेला मड़ई के दौरान दो युवकों के बीच मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद के बीच एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल बालोद लाया गया, जहां प्राथमिक ईलाज के बाद परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए बालोद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

घायल युवक के पिता इन्द्रराम साहू ने बताया कि ग्राम घुमका में रविवार को मेला मड़ई कार्यक्रम के दौरान शाम 6.30 बजे मेरा लड़का भावेश कुमार साहू तथा चेतन साहू मेरे घर के पास मोबाईल से चेतन साहू के साथी युवराज को किसी बात की समझाईश दे रहे थे। उसी समय तुम मेरे साथी को समझाने वाले कौन होते हो कहकर भावेश साहू को चेतन साहू ने चाकू मार दिया। मामले में सोमवार को बालोद थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एसडीओपी देवांगस राठौर ने बताया कि थाना



बालोद अंतर्गत चाकूबाजी की घटना हुई थी। किसी बात पर उनकी आपस में बहस हुई, जिसमें आरोपी चेमन साहू जो उसका दोस्त है, उसने उस पर हमला कर दिया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। उस पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना का मूल कारण किसी बात पर रोक-टोक करने पर वाद विवाद के साथ मारपीट होना है, जिसके कारण चाकूबाजी हुई है। वर्तमान में लड़का अस्पताल में ईलाज करवा रहा है, उसकी स्थिति सामान्य है। बता दें कि इससे पहले कई बार चाकूबाजी की घटना सामने आ चुकी है।

# दो पक्षों में मारपीट 6 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पक्षों में मारपीट का मामला सामना आया है। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर थाना बालोद में दोनों पक्षों के 6 लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम डोंगीतराई निवासी खिलेन्द्र निर्मलकर ने बताया कि शनिवार को मैं अपनी बुआ अनिता बाई निर्मलकर के घर ग्राम पीपरछेड़ी मड़ई देखने आया था। रविवार को मैं बुआ के घर में था, मेरी बुआ खेत गई थी। दोपहर मेरी बुआ अनिता बाई निर्मलकर ने मुझे फोन से जानकारी दी कि गांव के भेषेन्द्र ठाकुर ने मेरी बुआ अनिता को गलत बातें कही हैं। उसके बाद मैं अपने भाई धनेश्वर निर्मलकर के साथ बुआ के खेत ग्राम पीपरछेड़ी जाकर भेषेन्द्र ठाकुर को समझाया कि मेरी बुआ को गलत बात क्यों कहा है। इस पर भेषेन्द्र ठाकुर, तिलक माहला एवं सोमेन्द्र भुआर्य ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। वहीं, दूसरे



पक्ष के भेषेन्द्र ठाकुर ग्राम पीपरछेड़ी निवासी ने बताया कि शनिवार को शाम मैं और मेरी मां दोनों घर पर थे, मेरी मां बाड़ी तरफ गई थी, उसी समय मेरी पड़ोसन अनिता बाई के घर आये हुये मेहमान खिलेन्द्र कुमार निर्मलकर गाली गलौज कर रहा था। मेरी मां द्वारा मना करने पर नहीं माना, तब मैं आवाज सुनकर गया और गाली देने से मना किया।

इस पर खिलेन्द्र कुमार निर्मलकर, हीरालाल निर्मलकर एवं धनेश्वर निर्मलकर ने मिलकर गाली गलौज करते मारपीट करने लगे तथा हीरालाल निर्मलकर द्वारा किसी धारदार वस्तु से मेरे बाएं हाथ के कलाई के पास मारने से चोट आया है। दोनों पक्षों की शिकायतों पर दोनों पक्षों के खिलाफ कार्यवाही की गई।




पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**गुरूर।** स्वामी शरणानंद वन आश्रम खोलडोंगरी बरही द्वारा तीन दिवसीय श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 4, 5 व 6 फरवरी को किया गया है।

4 से 6 फरवरी को आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव व छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को आमंत्रण दिया गया। 4 फरवरी को कलश यात्रा, श्री गणेश पूजा, यज्ञ मंडप प्रवेश, श्री शुक्त, पुरूष शुक्त, जलाधिवास, वेदांत दर्शन मानसगान कार्यक्रम होगा। 5 फरवरी को समस्त देवी देवताओं का आव्हान, पंचगव्य स्नान, पूजन, रूद्राभिषेक, यज्ञ प्रारंभ अन्नाधिवास, गंगास्नान, पुष्पाधिवास, संध्या



आरती का कार्यक्रम होगा। 6 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार से श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा, पंचामृत स्नान, पूजन, दुर्गा अर्चन, पूर्णाहुति, महाभण्डारा होगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल गुरूर बालोद के साथ ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

# मार्च में पहला चंद्र ग्रहण, इस साल 4 ग्रहण, 7 सितंबर को भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इस बार नए साल में चार बार चंद्रग्रहण लगने की खगोलीय घटना होगी, जो सिर्फ भारत के ही लोग इसे देख सकेगे। साल 2025 में चार ग्रहण लगेंगे। हालांकि, चार में से सिर्फ एक ही ग्रहण भारत में दिखेगा और मान्य होगा। यह साल का तीसरा प्राण और दूसरा चंद्र ग्रहण होगा, जो 7 सितंबर को लेगेगा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक एक साल के इन चार प्रहणों की बजह से इस साल किसी प्रकार की प्रकृतिक आपदा होने की संभावना नहीं होगी।

गौरतलब है कि, ग्रहण लगना एक खगोलीय घटना है। साथ ही, भारत में इसका धार्मिक महत्व भी है। क्योंकि, भारत में इसे सूतक काल से जोड़कर देखा जाता है। अगर उक्षण भारत में दिखाई देता है तो सावधानी बरती जाती है। साथ ही मंदिर के पट भी बंद हो जाते हैं। इस कड़ी में साल 2025 में कुल चार ग्रहण लग रहे हैं, जिसमें से दो सूर्य और दो चंद्र ग्रहण शामिल हैं। खास बात यह है कि चार ग्रहणों में से एक ग्रहण भारत में भी देखने को मिलेगा। साल का तीसरा ग्रहण चंद्र ग्रहण होगा, जो कि एक पूर्ण प्रहण होगा। खास बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितंबर को रात 9 बनकर 56 मिनट 8 सेकेंड पर शुरू होगा और आधी रात में एक बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इसके अलावा इस ग्रहण को अंटार्कटिका, एशिया, यूरोप और हिंद महासागर में भी देखा जा सकता है।

## भारत में दिखेगा चंद्रग्रहण, इस साल चार ग्रहण की बन रही स्थिति

### साल का आखिरी ग्रहण 21-22 सितंबर के बीच

साल का आखिरी ग्रहण सूर्य प्राण होगा, जो कि 21 व 22 सितंबर के बीच लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक यह सूर्य ग्रहण 21 सितंबर रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगा और तड़के 3 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। इस ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, हालांकि यह पूर्वी मेलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया और न्यूजीलैंड में देखा जा सकता है।



### मार्च में ही लगेगा चंद्र और सूर्य ग्रहण

पहला चंद्र ग्रहण है, जो 14 मार्च को लगेगा। बताया गया कि, साल का पहला ग्रहण चंद्र ग्रहण होगा, जो कि 14 मार्च को लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक यह सुबह 10.39 बजे बजे से शुरू होगा और दोपहर 2.18 बजे समाप्त होगा। खलाईक, यह भारत में नहीं दिखेगा। यह ग्रहण अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी आस्कर, उत्तरी व दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। वहीं 29 मार्च को सूर्यग्रहण: साल का दूसरा प्रहण आशिक सूर्य ग्रहण होगा, जो कि 29 मार्च को लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक, यह 2 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 6 बजकर 13 मिनट पर समाप्त होगा। होगा। हालांकि, यह ग्रहण भारत में नहीं लगेगा। यह ग्रीनलैंड, आइसलैंड, पश्चिमी रूस और यूरोप में देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सिरपुर बिगईकोन्हा में देव मड़ई कल

**बालोद।** ग्राम सिरपुर बिगईकोन्हा में देव मड़ई मेला का आयोजन 5 फरवरी को किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में जय मां गंगा मईया नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के देव पंच संतोष भौशार्य, कीर्तन साहू, भागवत भौसार्य, बिरेन्द्र साहू, बिहारी साहू, रोहित भौशार्य, यादराम भौशार्य, रामकुमार रावटे, मोहम्मद सुलेमान खान सहित ग्रामीणों ने मेले में शामिल होने का आग्रह किया है।

### खप्परवाड़ा में मानसगान प्रतियोगिता 8 व 9 को

**अंडा।** मां शीतला मानस परिवार खप्परवाड़ा द्वारा सभी ग्रामीणों के सहयोग से दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता 8 एवं 9 फरवरी को रखी गई है। पुरुष वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए तथा प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 2001 रुपए, चतुर्थ 1501, पंचम पुरस्कार 1001, षष्ठम पुरस्कार 601 रूपए रखा गया है। इसी तरह महिला वर्ग में प्रवेश शुल्क 101 रूपए रखा गया है। वहीं, प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए, द्वितीय 1501, तृतीय 1001, चतुर्थ पुरस्कार 601 रुपए रखा गया है। सभी मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा फोटो फ्रेम दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि इसी तारीख पर ग्राम सकरौद, अर्जुनी भरदा, डंगनिया, देवरी ख, नाहंदा, तमोरा में भी रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### धनोरा में श्री हनुमंत कथा आज से

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा एवं शत चंडी यज्ञ का आयोजन 4 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। आज शाम 4 बजे महावीर उद्यान से माताएं कलश लेकर बाजार चौक मेन गली शीतला पारा होते मां शीतला तालाब पहुंचेंगी। वहां मां शीतला की पूजा-अर्चना कर तालाब से जल लेकर मां कर्मा भवन गौरा चौक मां बम्लेश्वरी मंदिर गोल्डन चौक होते हुए वापस महावीर उद्यान पहुंचेंगे। यहां यज्ञ स्थल एवं श्री हनुमंत कथा का रसपान कराया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सिरपुर बगईकोन्हा में देव मड़ई 5 को

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में 5 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में कुहीखुर्द छुरिया का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के प्रमुख बिहारी साहू, सालिक राम टेकाम, कीर्तन साहू, रोहित भौषार्य, याद राम भौषार्य, बिरेन्द्र साहू, राम कुमार रावटे, मो सुलेमान खान आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कांग्रेस पार्टी के गंजपारा प्रत्याशी का बीफॉर्म निरस्त


**दुर्ग।** वार्ड 36 गंजपारा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा गुप्ता का बीफार्म निरस्त कर दिया गया है। जिसके चलते उन्हें निर्दलीय चुनाव लडना पडेगा। नामांकन फार्म में नाम लिखने में खामी और पति का नाम का उल्लेख नही किए जाने के चलते उनका बीफार्म निरस्त कर दिया गया है। ऐसे में उन्हे निर्दलीय चुनाव लड़ना होगा।

## विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर सोसाइटी की टीम ने किया गिधवा का दौरा

# वेटलैंड बर्ड सेंचुरी गिधवा परसदा को रामसर साइट में शामिल करें: डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज :दुर्ग

वेट लैंड का स्वच्छ ,स्वस्थ एवं समृद्ध रहना हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है आइए हम इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उपरोक्त अपील करते हुए सोसल एंड एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही एवं डायरेक्टर अमुजुरि बिस्वनाथ ने कहा कि हम निरंतर इस दिशा में जागरूकता कर रहे हैं। दुर्ग वन मंडल के अंतर्गत बेमेतरा जिले का गिद्धवा परसदा पक्षी अभ्यारण्य जो कि छत्तीसगढ़ का एक मात्र पक्षी अभयारण्य है एक समृद्ध वेटलैंड है जिसे अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शमिल करने के लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया निरंतर मांग करते आ रही है। हमारे छत्तीसगढ़ में पाटन जिले में बेलोदी, चीचा , बिलासपुर में अचानकमार , रायपुर जिले में फुटहामूड़ा सहित कुछ और भी वेटलैंड हैं जो पात्रता रखते हैं। किंतु दुर्भाग्य है कि समृद्ध एवम अंतरराष्ट्रीय मापदंडों में पात्रता रखते हुए भी अभी तक हमारा एक भी वेटलैंड रामसर साइट में शामिल नहीं हो सका है।



### वेटलैंड संरक्षण समितियों का भी हुआ है गठन

गौरतलब है कि हमारे छत्तीसगढ़ के वेट लैंड समृद्ध रहें इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिला स्तर पर वेटलैंड संरक्षण समितियों का गठन भी किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त उदगार व्यक्त करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि गिद्धवा परसदा में रामसर साइट में मान्यता प्राप्त करने लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय पात्रताएं विद्यमान है । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इसके लिए कमेटी का गठन भी किया है। हमारे पारिस्थितिकी के महत्वपूर्ण प्रवासी पक्षियों का हर वर्ष हमारे देश में आना होता है जो पारिस्थितिकी में बहुत बड़ा योगदान है। हमारे देश में यूरोप ,मंगोलिया ,उत्तरी चीन ,दक्षिण रूस ,साइबेरिया ,उत्तरी अमेरिका ,आस्ट्रेलिया ,आफ्रीका ,इंडोनेशिया ,ईरान , म्यांमार ,थाईलैंड ,एवम अन्य देशों से 240 से अधिक प्रजाति के प्रवासी पक्षी आते हैं । बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के पक्षी हर वर्ष गिद्धवा परसदा आते हैं ।

### छत्तीसगढ़ में 11 वेटलैंड साइट किए गए चिन्हित

इनका संरक्षण भी बहुत बहुत जरूरी है । विश्व वेटलैंड दिवस के संदर्भ में गिद्धवा परसदा का भ्रमण कर इस कड़ी मे ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवम वन मंत्री केदार कश्यप से पुनः मांग की है कि दुर्ग वन मंडल अंतर्गत बेमेतरा जिले के गिद्धवा - परसदा बर्ड सेंचुरी को रामसर साइट में शामिल करें। ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं संस्था के डायरेक्टर अमूजूरी विश्वनाथ ने विश्व वेटलैंड दिवस के परिप्रेक्ष्य में गिद्धवा - परसदा का भ्रमण कर विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गिद्धवा परसदा पक्षी अभ्यारण्य में वह संभावनाएं मौजूद हैं जो रामसर साइट की अंतरराष्ट्रीय मापदंडों को भी पूरा करता है। वन विभाग द्वारा जनता के साथ हर वर्ष पक्षी उत्सव मनाया जाता है ।यहां की जनता भी पक्षी प्रेमी हैं। प्रवासी पक्षियों को अतिथि मानते है तथा इनका संरक्षण करते हैं । ग्रामवासी यह नारा भी बुलंद करते हैं हमर चिरई हमर चिन्हारी हमन करबो ओकर रखवारी । हमारी संस्था ग्रीन केयर सोसायटी के सदस्य अनेक बार यहां आकर जन जागरूकता किए हैं। डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 11 वेटलैंड साइट चिन्हित किए गए हैं लेकिन अभी तक एक भी साइट रामसर साइट में शामिल नहीं हो सका है । यह अवसर है मापदंडों के अनुरूप गिद्धवा परसदा को रामसर साइट में शामिल करने के लिए दावा को पुनः प्रबलता के साथ प्रस्तुत करने का ।

# अर्जुंदा नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ थाम लिया भाजपा का दामन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

अर्जुन्दा नगर पंचायत चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है। वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस से नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन्दा के वर्तमान अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन ने भाजपा प्रवेश कर सबको हैरत में डाल दिया।

बताया जा रहा है कि चंद्रहास देवांगन के प्रवेश से भाजपा के पक्ष में माहौल और ज्यादा बनने लगा है। रविवार को चंद्रहास देवांगन ने जिला भाजपा के अध्यक्ष पवन साहू व वरिष्ठ भाजपा नेता यज्ञ दत्त शर्मा के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। समस्त अतिथियों ने चंद्रहास देवांगन को भाजपा गमछा पहनकर भाजपा परिवार में सम्मिलित किया।

■ कहा- पीएम मोदी का कार्यकाल और विष्णुदेव का सुशासन देखकर गदगद है मेरा मन

इस अवसर पर चंद्रहास देवांगन ने कहा कि आयोध्या में रामलला का मंदिर महतारी वंदन योजना और मोदी के कार्यकाल और विष्णुदेव के सुशासन को देखकर मेरा मन गदगद है। यही नहीं, भाजपा के टिकट वितरण को देखकर ऐसा महसूस होता है कि निश्चित ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इसका जीता-जागता उदाहरण ओसाभ प्रिंस यादव है। निश्चित ही शिक्षित युवा को मौका देना अर्जुन्दा के सुनहरे भविष्य का संकेत है।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए 56 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि त्रिस्तरीय आम निवार्चन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया के लिए 3 फरवरी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि 27 एवं 28 जनवरी को 12–12 अभ्यर्थियों, 29 एवं 30 जनवरी को 09–09, 31 जनवरी को 10, 01 फरवरी को 08 एवं 03 फरवरी को 01 अभ्यर्थियों सहित कुल 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। उनमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03, 30 जनवरी को 11, 31 जनवरी को 13 एवं 01 फरवरी को 18 एवं 03 फरवरी को 10 अभ्यर्थियों सहित कुल 56 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## पेज 9 के शेष

### पंच-सरपंच के लिए ...

राम, लुकेश्वरी/विमल कुमार व वार्ड पंच के 13पद के लिए 16 नामांकन पत्र जमा किया गया है नाम निर्देशन केंद्र कुसुमकसा में एसके भीमटे सहायक रिटर्निंग अधिकारी, किशनलाल पटेल, सुखितराम भुआर्य, रूपराम मंडावी, उम्मेदसिंह गायकवाड़, दिनेश तारम, सोमवती साहू, हुमेश्वरी किरेंद्र, लोकेश सिन्हा, अनूप कुलदीप, कलिया मंडावी, मयूर कुमार मसिया, ईश्वर कुमार जगनायक, संतराम कोसमा, उत्तरा कुमार, रूपेश कुमार, मुकेश कुमार, अजय कुमार भुआर्य, सुरेंद्र कुमार मंडावी उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य पद ...

कुमार साहू, सेवाराम साहू, हेमलाल सिन्हा, चंद्रहास अठभैया, धर्मेंद्र कुमार साहू, केशव रामधनकर, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा सेवक राम साहू, सदाराम साहू, गणपत राम साहू, डामन लाल साहू, तुलाराम साहू, किसूनराम साहू, बसंत निर्मलकर, सत्येंद्र कुमार साहू, पुना राम साहू एवं जनपद क्षेत्र भोथली के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर चंद्रवाल ने किया ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का अवलोकन

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आम लोगों को जागरूक करने संचालित किए जा रहे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों से ईवीएम के संचालन आदि की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही आगन्तुकों को ईवीएम के माध्यम से मतदान करने की पूरी जानकारी सरलता से प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी पहुँचाएं। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मॉक पोल कर ईवीएम की कार्य पद्धति का अवलोकन भी किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मोहन कोकिला ने किया रक्तदान

**बालोद।** थाना बालोद में पदस्थ



मोहन कोकिला ने अपने 34वें जन्मदिवस पर जिला अस्पताल बालोद पहुंचकर वहां भर्ती मरीज गीतांजलि को रक्तदान किया। रक्तदान करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने अन्य युवाओं से अपील की कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं होती है तथा युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

### ग्राम चूल्हापथरा में मानसगान सम्मेलन 7 से

**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा में समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 7 से 9 फरवरी तक तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस में करुणा सागर एवं जगराता परिवार कन्नेवाड़ा, पंचमुखी मानस परिवार मुल्ले, श्री रुद्रेश्वर मानस परिवार बेलरगांव सिहावा नगरी, रामनाम की जय मानस मंडली डोंगरगढ़ मंडलिया अपनी प्रस्तुति देंगी, द्वितीय दिवस में पूनम ज्योती बालिका मानस परिवार सारंगपुरी, श्री राघवेंद्र मानस परिवार चरौदा घटारानी, पूनम मानस परिवार लभराकला, श्री तारकेश्वर नाथ बालक बालिका मानस मंडली बड़गांव चन्द्रखुरी, मोर मयारु राम मानस परिवार खड़ियाडीह धूरा, जय मां शीतला श्री राम के सुख मानस परिवार अंतागढ़, तृतीय दिवस में हरिओम मानस परिवार दर्रा, श्रद्धा सुमन बालिका मानस परिवार चिंगरमला, सुरता मानस परिवार जूनवाणी, लोक यामिनी मानस परिवार झिटिया, लवकुश मानस मंडली ठेलकाबंधा अभनपुर, श्री वैष्णव बंधु मानस परिवार गोभरा धमधा दुर्ग, जय मां सिंह वाहिनी बालिका मानस परिवार थानौद, रामरस मानस परिवार फरसगांव अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त तहसीलदार जीआर. कुल्हड़ा होंगे, अध्यक्षता कोमल सिंहा करेंगे।

#### कई स्थानों पर अरंडी की टहनी गड़ाकर शुरू की गई होलिका दहन की तैयारी

# धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी, विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सोमवार को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। वहीं, शहर के प्रमुख चौराहों के साथ ही गांवों में अरंडी की टहनी गड़ाई गई। इसके साथ ही होलिका दहन की तैयारी शुरू हो गई।

बसंत पंचमी के दिन से ही मौसम में परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इसके साथ ही मार्च में होने वाले रंगों का त्यौहार होली की तैयारी भी बसंत पंचमी के दिन से शुरू हो गई। अरण्डी की टहनी लगाकर होलिका दहन की तैयारी शुरू हो गई। इस दिन जगह जगह अंडे का पेड़ लगाया जाता है और उनका विधिविधान से पूजा अर्चना कर लकड़ी एकत्र करते हुए होली की तैयारी की जाती है, कई जगहों पर इसी दिन से रंग गुलाल लगाना शुरू हो जाता है। वही हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ माष के





शुक्लपक्ष की पंचमी तिथि को देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है। ग्रंथों के अनुसार इस दिन देवी मां सरस्वती प्रकट हुई थीं। तब देवताओं ने देवी स्तुति की। स्तुति से वेदों की ऋचाएं बनीं और उनसे बसंत राग। इसलिए इस दिन को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है।

### पतझड़ का मौसम, दिन में तेज धूप रात में ठंड का असर

बसंत पंचमी के बाद मौसम का अलग मिजाज देखने को मिलता है। दिन में जहां तेज धूप की चुभन महसूस होने लगती है, वहीं रात के समय ठंडी हवाओं से ठंड का असर भी बरकरार रहता है। इधर खेतों में रबी की फसल पकने का मौसम है, ऐसे में सरसों और चने की फसल की हरियाली आकर्षित करती है। जबकि पतझड़ की ऋतु होने के चलते पेड़ों की पत्तियां पककर झड़ने से हवा के साथ पत्तों की सरसराहट सुनाई देती है। कुल मिलाकर 24 घंटे के दौरान मौसम के कई रंग एक साथ देखने को मिल जाते हैं।

## शासकीय बालक विद्यालय में मनाई गई बसंत पंचमी







**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ व्याख्याता देशमुख और डीआर साहू एवं समस्त स्टाफ ने मां शारदे की पूजा-अर्चना कर किया। उसके बाद कक्षा ग्यारहवीं बी से तेजेश्वरी, मानसी,संजना, श्वेता ने सरस्वती वंदना का गायन किया। व्याख्याता डीआर साहू ने बसंत पंचमी के बारे में बताया कि शास्त्र अनुसार आज के दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था और ऋतु में जो परिवर्तन होता है उसे बच्चों को विस्तृत रूप बतलाया। वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर ने स्वर विज्ञान का वर्णन करते हुए किस प्रकार श्वसन क्रिया के आधार पर अपनी आत्म शक्ति को विकसित किया जा सकता है। इसी क्रम में एनुका शार्वा ने बच्चों को बसंत पंचमी से ही रंग उत्सव के पर्व प्रारंभ होने की बात कही। तेजस्वी ने संस्कृत श्लोक का वर्णन किया गया और आगे डिलीवरी मरकाम और भूमिका ने मिलकर फाग गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत साहू ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता आरएस देशमुख, संगीता वैद्य, पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, तेजेश्वरी साहू, निधि यादव व समस्त विद्यार्थी उपस्थित

## सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में मनाई गई बसंत पंचमी



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में सरस्वती पूजन, बसंत पंचमी, विद्यारंभ संस्कार, समर्पण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद पंडित जी के माध्यम से सरस्वती मां की पूजन एवं यज्ञ कर भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहन, आचार्य परिवार एवं पालक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने की केंद्र सरकार के बजट की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने केंद्र सरकार के बजट की सराहना की है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में नए आयकर स्लैब की घोषणा से कर्मचारी एवं उनके परिवार के लिये अच्छे दिन आ गए हैं।



- पदाधिकारियों ने कहा- नए आयकर स्लैब की घोषणा से कर्मचारी एवं उनके परिवार के लिये अच्छे दिन आ गए

उन्होंने कहा कि विगत वर्षों की तुलना में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मोदी सरकार द्वारा दी गई यह अब तक का सबसे बड़ी राहत है। साथ ही प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को ब्रॉडबैंड सुविधायुक्त करने की घोषणा से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि पचास हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय भाषा पुस्तक योजना से विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन शिक्षा का पाठ्यक्रम डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 से इनकम टैक्स का नया स्लैब प्रभावशील होगा। इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 87-ए के अंतर्गत 12 लाख वार्षिक आय वाले वेतनभोगी कर्मचारी इनकम टैक्स देनदारी से मुक्त हो जायेंगे। साथ ही स्टैण्डर्ड डिडक्शन 75000 भी मिलेगा।

इस तरह कुल मिलाकर सालाना 12 लाख 75 हजार आय आयकर मुक्त हो जाएगी, जो कि केंद्र सरकार का सराहनीय निर्णय है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के जिला महामंत्री प्रमोद बाजपेई, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर कौशल, जय सिंह भारद्वाज, प्रेम सिंह कोलियारे गिरीश देवांगन, डीडी साहू, तहसील अध्यक्ष मनसुखदास साहू, सचिव भूधर दास जोशी सहित नगर, जिला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त किया है।

## पीएमश्री प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में सुरक्षित शनिवार पर हुए विविध कार्यक्रम



**बालोद।** शासकीय पीएमश्री प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। इस अवसर पर सर्वप्रथम ड्रम के साथ पीटी कराई गई एवं उसके साथ संबंधित व्यायाम किया गया। अगली कड़ी में बच्चों ने गीत, कविताएं एवं भाषण की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही क्विज कंप्टीशन भी रखा गया था, जिसमें आठ बच्चों ने भाग लिया। कक्षा चौथी की डिंपल प्रथम एवं ऋषिका निषाद कक्षा पांचवी ने द्वितीय और हर्षिता कक्षा 5 वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की प्रस्तुति पर शाला प्रधान पठिका सविता यादव एवं एसएमसी अध्यक्ष ममता निषाद ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही सहायक शिक्षक पुणेश्वर साहू, सहायक शिक्षक नेहा गुप्ता, पीटी टीचर प्रकाश देशमुख ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## कुसुमकसा में शुरू हुआ गोंडी पखवाड़ा



**कुसुमकसा।** गोंडी भाषा के संवर्धन रक्षा और अपने मातृ भाषा के प्रचार के लिए गोंड़वाना भवन कुसुमकसा में गोंडी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। उक्त पखवाड़ा 2 से 15 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन विविध कार्यक्रम होंगे। उक्त कार्यक्रम में गोंड़वाना कल्याण समिति अध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर तथा छत्तीसगढ़ गोंड़वाना गोंड़ महासभा के ग्राम प्रमुख तिरूमला हरिराम कोरकोट्टा, भाषाविद उमेंद मंडावी, विजय पोटाई, दयाराम सिंद्रामे सहित समाज के बच्चों की सहभागिता रहेगी।

### ग्राम पंचायत दनिया में डोमन ने भरा सरपंच पद का नामांकन



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत दनिया के सरपंच पद के डोमन देशमुख ने कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया। वे वर्तमान में सरपंच पद पर हैं।

### जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए डिगेश्वरी ने भरा नामांकन



**बालोद।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र क्रमांक 22 के लिए निर्दलीय प्रत्याशी डिगेश्वरी यशवंत साहू ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन भरा।

### जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने भरा नामांकन

**गुरूर।** सोमवार को जनपद सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ताम्रध्वज यादव ने नामांकन फॉर्म जमा किया। इससे पहले कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर नामांकन जमा करने पहुंचे।



### शिक्षक ने कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में न्योता भोज का आयोजन किया गया विद्यालय के शिक्षक नीलकंठ धनकर ने अपने ज्येष्ठ पुत्र तुषार धनकर के जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इसके तहत सेवई, पूड़ी खिलाई गई।

### कलंगपुर में सरपंच प्रत्याशी अन्नपूर्णा ने भरा नामांकन




**बालोद/कलंगपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिवस 3 फरवरी को ग्राम पंचायत कलंगपुर में सरपंच प्रत्याशी अन्नपूर्णा मंडावी पति दुर्गा प्रसाद मंडावी ने सरपंच पद के लिए नामांकन दाखिल किया। बता दें कि कलंगपुर के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी समाज के महिला ने सरपंच पद के लिए उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस बार आरक्षण में सामान्य महिला सीट आने पर आदिवासी समाज से एक शिक्षित महिला अन्नपूर्णा मंडावी प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन दाखिल किया। उनके समर्थन में गांव के सैकड़ों महिला, पुरुष नामांकन रैली के रूप में गली भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंचे, जहां सभी लोगों की उपस्थिति में अन्नपूर्णा मंडावी ने नामांकन दाखिल किया।

### जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से कौशल ने भरा नामांकन



**गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 भाठागांव आर से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी कौशल सुरेश साहू ने सोमवार को अपने जनपद क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनपद कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। वहीं, ग्राम पंचायत भाठागांव आर से सरपंच प्रत्याशी योगेश शर्मा ने भाठागांव आर में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सशिमं पैरी में हुआ पूर्व आचार्य और पूर्व छात्र मिलन समारोह




**बालोद/सिकोसा।** सरस्वती शिशु मंदिर पैरी में पूर्व आचार्य एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से अध्ययनरत भैया बहन और आचार्य, दीदी उपस्थित थे।

यह विद्यालय 1996 से संचालित है, इस समय में श्री उधो राम पटेल प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थे जो आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लव्य ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, बेनीराम सर्वा, अध्यक्ष शिशु संस्कार शिक्षण समिति गैंद सिंह साहू, सचिव रामकृष्ण साहू, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, तरुण साहू उपस्थित थे। पूर्व आचार्यों ने अपनी विद्यालय के प्रति अभिव्यक्ति जाहिर की साथ ही सभी छात्रों ने अपने अपने अतीत की यादों को साझा किया। अपने-अपने अनगिनत किस्से बताए जिसे सुनकर सबने खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व आचार्य और छात्र एक दूसरे से मिले और भावनात्मक विचारों को साझा करते हुए एक दूसरे से विदा लिया। विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुक छात्रों को उपहार भेंट किया।

## ग्राम अछोली में श्रद्धा के साथ मनाया गया धीरूदास दीवान का जन्मोत्सव



**डौंडीलोहारा।** ग्राम अछोली में बसंत पंचमी के अवसर पर धीरूदास दीवान का जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वराकार डॉ रोशन लाल साहू ने बताया कि सर्व प्रथम महंत मकरंद दास साहेब द्वारा धीरूदास जी दीवान की समाधि, कबीर साहेब कुटी में झंडा पूजा एवं कबीर साहेब जी एवं धीरुदास जी दीवान के चित्र की पूजा की गई। उसके बाद आमीन माता महिला मंडल अछोली द्वारा मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर संत श्री भागवत साहेब पेड्री द्वारा कबीर सत्संग प्रवचन, संत श्री रामशरन साहेब कबीर ज्ञान मंदिर अछोली, महंत श्रीपन्ना जी चे. बा. नवागांव, महंत श्री वामन दास जी साहेब ग्राम अछोली ने सत्संग प्रवचन किया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर नवयुवक मंडल अछोली सभी सदस्य संरक्षक शांति लाल साहू, लिखनदास, रामप्रसाद, चैतुराम, अध्यक्ष श्री षठबदंन साहू, उपाध्यक्ष चुरेन्द्र कुमार साहू, सचिव गेवेंद्र दास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष डॉ शिव कुमार साहू, हरीश सोनबोइर मोती कौशिक, ईश्वर हदगिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। रात्रि कालीन सद्गुरु कबीर साहेब जी की संध्या आरती के साथ विशाल भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव